# विकसित भारत और बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए 25 मई को कमल का बटन दबाएं : ज्ञानचंद गुप्ता

**● कांग्रेस को चुनाव लड़ाने के लिए उम्मीदवार तक नहीं मिल रहे : ज्ञानचंद गुप्ता ● विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा और बंतो कटारिया ने दर्जनभर स्थानों पर किया जनसंपर्क**

**पंचकूला ।** अंबाला लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया की जीत को बड़ी जीत में बदलने के लिए भाजपा नेताओं का जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है। रविवार को विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल और बंतो कटारिया ने दर्जनभर स्थानों पर जाकर लोगों से मुलाकात की और भाजपा को वोट देने का आग्रह किया। यहां ज्ञानचंद गुप्ता ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि विकसित भारत और आने वाली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में सहयोग करें। श्री गुप्ता ने कहा कि जिन लोगों की वोट नहीं बनी हैं वे भी अपने वोट बनवाएं और 25 मई को मतदान अवश्य करें। प्रदेश मीडिया सह प्रभारी नवीन गर्ग ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा और भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया ने आज सेक्टर-8, सकेतड़ी, सेक्टर-19,,सेक्टर-10 , सेक्टर 4, खरकमंगोली, बिडघगर, चंडीमंदिर, सेक्टर-17





एवम बुडनपुर, राजीव कॉलोनी व इंदिरा कॉलोनी में जनसंपर्क किया और लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। ज्ञानचंद गुप्ता ने मोदी और नायब सरकार की उपलब्धियां गिनवाई। श्री गुप्ता ने यह भी कहा कि कांग्रेस को चुनाव लड़ाने के लिए उम्मीदवार तक नहीं मिल रहे हैं। कांग्रेस के पास चुनाव में कहने के लिए कुछ भी नहीं है। श्री गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस ने भ्रष्टाचार किया है और जनता भ्रष्टाचार करने वाली पार्टी को नकार चुकी है। उन्होंने सभी जगहों पर लोगों से अपील की कि वे सुरक्षित एवं मजबूत भारत के लिए मतदान अवश्य करें।

भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने जनसंपर्क अभियान के तहत बंतो कटारिया के समर्थन में लोगों से मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि अंबाला लोकसभा से बंतो कटारिया को विजयी बनाकर संसद भेजे। उन्होंने कहा कि अंबाला लोकसभा की तरक्की के लिए कमल का बटन दबाएं। वहीं भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया ने कहा कि मोदी और नायब सरकार बिना भेदभाव के विकास कार्य कर रही है। महिला, युवा, किसान और गरीब हर वर्ग का भाजपा ने ध्यान रखा है। श्रीमती कटारिया ने लोगों से कमल का बटन दबाकर उन्हें संसद में भेजने का आग्रह किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र मलिक, मंडल अध्यक्ष जेपी जांगड़ा,युवराज कौशिक, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप यादव, पार्षद राकेश वाल्मीकि,पार्षद नरेंद्र लुवाना, पार्षद सोनू बिडला मंडल महामंत्री रविश गौतम, अमित शर्मा व प्रमोद वत्स ने लोगों से संपर्क कर बंतो कटारिया को विजयी बनाने की अपील की।

# कांग्रेस को उम्मीदवार नहीं मिल रहे : सुभाष बराला

**● सांसद सुभाष बराला ने कैथल विधानसभा में लोकसभा चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन ● हवन-यज्ञ के साथ शुरू हुआ चुनाव कार्यालय**

**चंडीगढ़/ कैथल।** लोकसभा चुनाव के लिए कैथल विधानसभा में भी रविवार को भाजपा ने हवन यज्ञ के साथ चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। ढांड रोड पर महाराजा पैलेस के नजदीक शुरू किए गए कार्यालय का उद्घाटन हरियाणा लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने की। कैथल के विधायक लीला राम गुर्जर ने विशिष्ठ अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में सुभाष बराला ने कहा कि भाजपा ने अपने हरियाणा में दस की दस लोकसभा में

सुभाष बराला ने कहा कि भाजपा ने 400 पार का नारा दिया है, इस नारे को कार्यकर्ता अपनी मेहनत से ज़रूर सफल बनाएंगे। उन्होंने कहा कि पहले भी कार्यकर्ताओं ने अपनी मेहनत के बल पर भाजपा की पूर्ण बहुमत से सरकार बनवाई है और तीसरी बार जीत की हैट्रिक भी कार्यकर्ता अपनी मेहनत से लगवाएंगे। श्री बराला ने आगे कहा कि भाजपा के सभी कार्यकर्ता अपनी सरकार के 10 वर्षों के जनहितकारी व योजनाओं को जनता के बीच लेकर जाएं। जनता को मोदी की गारंटी पर पूर्ण विश्वास है। जनता विपक्ष के झूठे वादों के जाल में नहीं फंसेगी। सुभाष बराला ने कहा कि हरियाणा की जनता को भाजपा के द्वारा किए गए निष्पक्ष पारदर्शी कार्यों पर



और 90 की 90 विधानसभाओं में चुनावी कार्यालय खोल दिए हैं। बराला ने कहा कि यह सब भाजपा के मजबूत संगठन और समर्पित कार्यकर्ताओं के कारण संभव हो पाता है। जबकि विपक्ष के पास न नीति है और न नीयत और न ही समर्पित कार्यकर्ता और नेता। बराला ने कहा कि कांग्रेस केवल लोगों को बरगलाने का काम करती है। मगर अब जनता कांग्रेस की नीयत को भांप चुकी है, इसलिए पूरा देश तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुका है। सुभाष बराला ने सभी से आह्वान किया कि हम लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व को मनाने जा रहे हैं, इसलिए सभी नागरिक इस पर्व में बढ़-चढ़ कर भाग लें और अपने मत का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस को लोकसभा का चुनाव लड़ने के लिए भी उम्मीदवार नहीं मिल रहे और भाजपा का परिवार लगातार बड़ा होता जा रहा है।

पूर्ण विश्वास है और जनता भाजपा की पारदर्शी नियुक्तियों पर अपनी मोहर लगाकर कुरूक्षेत्र लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल को भारी बहुमत से विजयी बनाएगी।

इस मौके पर चेयरमैन सुरभि गर्ग, मनीष कठवाड़, सुरेश गर्ग नोच, सुरेश, राविश, महामंत्री उमेश शर्मा सुरेश संधू, रामपाल राणा, जिला मीडिया प्रभारी राज रमन दीक्षित, सह मीडिया प्रभारी भीम सेन अग्रवाल, बलविंदर जांगड़ा, हिमांशु गोयल, राजेश शर्मा पिंटू, नरेश मित्तल, ऊषा मचल, हरि चंद जांगड़ा, ज्योति सैनी, कृष्ण सैनी, गोपाल सैनी, रमनदीप कौर, वीरेंद्र बत्रा, सतपाल भारद्वाज, सुरेश जांगड़ा, विजय भारद्वाज वाइस चेयरमैन, सीमा देवी, पूनम सहोता, राजेश सिंगला, आदित्य भारद्वाज, राजबीर कादयान, राज कमल ढांडा, बंशी लाल, संजीव कांगड़ा, नरेश सजूमा, कृष्ण ढुल, डॉक्टर श्रवण कौशिक आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मोबाईल ऐप पर मतदाता घर बैठे पा सकते हैं चुनाव संबंधित नवीनतम जानकारी

**ऑनलाईन नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए बनाया कैंडिडेट नॉमिनेशन एप्लीकेशन**

**चण्डीगढ ।** हरियाणा के मतदाताओं की सुविधा के लिए 18वें लोकसभा आम चुनाव के दौरान भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अनेक ऑनलाइन मोबाइल ऐप शुरू किए हुए हैं जो मतदाताओं के साथ-साथ उम्मीदवारों के लिए भी काफी फायदेमंद हैं। इन एप्स का प्रयोग करके मतदाता व उम्मीदवार सरलतम तरीके से घर बैठे ही चुनाव से संबंधित नवीनतम जानकारियां ले सकते है तथा अपनी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 18 साल का कोई भी युवक या युवती अपना वोट बनवाना चाहता है तो वह वोटस.ईसीआई.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। इसी प्रकार भारत निर्वाचन आयोग ने सी-विजिल के नाम से एक मोबाइल ऐप शुरू किया है। इस मोबाइल ऐप को डाउनलोड कर कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता की कहीं अवहेलना हो रही है तो उसकी फोटो या वीडियो बनाकर अपनी शिकायत भेज सकता है, जिसका निवारण निर्वाचन कार्यालय की ओर से 100 मिनट के अंदर किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग ने कैंडिडेट नॉमिनेशन एप्लीकेशन के नाम ऑनलाईन नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए भी से एक ऐप बनाया है। कोई भी प्रत्याशी इस ऐप का प्रयोग कर अपने आवेदन को इस ऐप पर ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है। इसमें ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से अपनी जमानत राशि जमा करने का विकल्प प्रदान किया गया है। एक बार आवेदन दर्ज होने के बाद उम्मीदवार कैंडिडेट सुविधा ऐप का प्रयोग कर अपने आवेदन की आगामी कार्यवाही पर नजर रख सकते हैं। रिटर्निंग अधिकारियों के लिए आयोग ने एनकोर के नाम से एक सॉफ्टवेयर तैयार किया है। इसमें उम्मीदवारों का आवश्यक डाटा फीड रहता है। उम्मीदवारों की संपत्ति के विवरण को देखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने शपथ पत्र पोर्टल बनाया है। इस ऐप पर किसी उम्मीदवार की चल-अचल संपत्ति, हलफनामे को ऑनलाइन देखा जा सकता है।

**वोटर हेल्पलाइन ऐप से डाउनलोड करें मतदाता स्लिप** – भारत निर्वाचन आयोग ने बूथ ऐप के माध्यम से मतदाताओं की डिजिटल पहचान करने की सेवा शुरू की है। मतदाता वोटर हेल्पलाइन ऐप को अपने ईपीआईसी कार्ड से जोड़कर अपनी मतदाता पर्ची को डाउनलोड कर सकते हैं। वोटर टर्नआउट ऐप में कुल जनसंख्या के अनुपात में बने वोटों की संख्या को देखा जा सकता है।

**दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए बनाया पीडब्ल्यूडी ऐप** – दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए आयोग ने पीडब्ल्यूडी ऐप आरंभ किया है। इस ऐप का प्रयोग कर दिव्यांगजन अपने नाम, मतदाता पहचान पत्र आदि की जांच कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर इन सभी एप और उनके बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई है।

# मुख्य सचिव ने गेहूँ की खरीद के प्रबंधों और मौसम से खराब हुयी फसल का जायज़ा लिया

**● सभी खरीद एजेंसियों के एम. डीज और समूह डिप्टी कमिशनरों के साथ की आपात मीटिंग ● फ़सलों की तुरंत खरीद और भुगतान यकीनी बनाने के लिए कहा ● डिप्टी कमिश्नर मंडियों और बेमौसमी बारिश से प्रभावित हुई फ़सल वाले खेतों का दौरा करें ● किसानों को मंडियों में कोई दिक्कत नहीं आने दी जायेगी : अनुराग वर्मा**

**चंडीगढ़ ।** पंजाब के मुख्य सचिव श्री अनुराग वर्मा ने राज्य में चल रहे गेहूँ की खरीद के प्रबंधों और बेमौसमी बारिश से ख़राब हुई फ़सल का जायज़ा लेने के लिए आज समूह डिप्टी कमिशनरों के साथ आपात मीटिंग की। मीटिंग में मुख्य सचिव ने डिप्टी कमिशनरों को आदेश दिया कि वह हर हालत में यकीनी बनाएं कि किसानों की तरफ से मंडी में लाई गई फ़सल की तत्काल तौर पर खरीद हो। इसके साथ ही 48 घंटो के अंदर-अंदर ख़रीदी फ़सल की अदायगी किसान के खाते में यकीनी बनाई जाये। श्री वर्मा ने डिप्टी कमिशनरों को आदेश दिया कि वह हर रोज़ अपने जिले की खरीद एजेंसियों के साथ मीटिंग करें जिसमें वह जिले की हर मंडी में हो रही खरीद की समीक्षा करें। श्री वर्मा ने डिप्टी कमिशनरों को यह भी आदेश दिए कि वह निजी तौर पर मंडियों का दौरा करें।

श्री वर्मा ने डिप्टी कमिशनरों को यह भी आदेश दिया कि वे बेमौसमी बारिश से हुए किसानों के नुकसान सम्बन्धी सरकार को तत्काल तौर पर रिपोर्ट भेजें। जिस किसी गाँव में भी बेमौसमी बारिश के कारण फ़सल का नुकसान हुआ है, उस गाँव का डिप्टी कमिश्नर या एस. डी. एम. द्वारा निजी तौर पर दौरा किया जाये। श्री वर्मा ने आगे जानकारी देते हुये बताया कि इस बार सीजन में



मंडियों में कुल 132 लाख मीट्रिक टन गेहूँ की आमद की संभावना है। इसमें से अब तक मंडियों में 17.14 लाख मीट्रिक टन गेहूँ की आमद हो चुकी है। राज्य की खरीद एजेंसियों की तरफ से इसमें से 13.23 लाख मीट्रिक टन गेहूँ की खरीद कर ली गई है। श्री वर्मा ने आगे बताया कि नियमों अनुसार ख़रीदी गेहूँ की किसान को 48 घंटो के अंदर अदायगी की जानी होती है। इस अनुसार अब तक किसानों को 752 करोड़ रुपए की अदायगी करनी बनती थी। इसके मुकाबले अब तक किसानों को 898 करोड़ रुपए की अदायगी की जा चुकी है। भाव कई किसानों को 48 घंटे से भी पहले अदायगी की गई है। मुख्य सचिव ने डिप्टी कमिशनरों को आदेश दिया कि वह ख़रीदी फ़सल की लिफ्टिंग की तरफ विशेष ध्यान दें। उन्होंने आगे बताया कि राज्य सरकार एफ. सी. आई. के साथ निरंतर तालमेल करके रोज़मर्रा के स्पेशल गाड़ियाँ लगवा रही है। उन्होंने कहा कि 20 अप्रैल तक स्पेशल गाड़ियों के द्वारा 61 हज़ार मीट्रिक टन गेहूँ भेजी जा चुकी है और आज 21 अप्रैल को 9 स्पेशल गाड़ियों के द्वारा 24 हज़ार मीट्रिक टन और गेहूँ भेजी जा रही है जिससे कुल मिला कर 85 हज़ार मीट्रिक टन गेहूँ भेज दी जायेगी। कल 22 अप्रैल को 26 स्पेशल गाड़ियाँ लगेंगी।

श्री वर्मा ने कहा कि सरकार वचनबद्ध है कि मंडियों में किसानों की फ़सल की तत्काल तौर पर खरीद की जायेगी और उनको 48 घंटो के अंदर-अंदर अदायगी की जायेगी। अगर किसी किसान भाई को कहीं भी खरीद या अदायगी में दिक्कत आ रही है तो वह सरकार के टोल फ्री नंबर 1100 पर सूचना दे सकते हैं। किसान भाइयों की तरफ से दिए सूचना पर तत्काल कार्यवाही की जायेगी। मीटिंग में प्रमुख सचिव ख़ाद्य और सिविल सप्लाई विकास गर्ग, खरीद एजेंसियों मार्कफैड, पनसप, पनग्रेन, वेयर हाऊसकारपोरेशन के एम. डीज, पंजाब मंडीकरण बोर्ड के सचिव, एफ. सी. आई. के जनरल मैनेजर और सभी जिलों के डिप्टी कमिश्नर वीडियो कान्फ्रेंस के द्वारा उपस्थित हुए।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया योजनाबद्ध तरीके से गरीबों का उत्थान: नायब सैनी

**● मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी से पूछा, जब सत्ता में थे तो किसने रोका था गरीबी हटाने से ● भाजपा ने महिलाओं को आगे बढ़ने का काम किया : नायब सैनी**

**चंडीगढ़ ।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रदेश के लोगों का आह्वान किया है कि वह 25 मई को वोट डालते समय इस बात का विश्लेषण जरूर करें कि 2014 से पहले भारत क्या था और 2024 में भारत क्या है? उन्होंने कहा कि जब देश की जनता इस विश्लेषण को करेगी तो निश्चित तौर पर उसके सामने भाजपा के अलावा उसके वोट का दूसरा कोई हकदार नहीं होगा। रविवार को भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार धर्मवीर सिंह के समर्थन में ÷विजय संकल्प रैली÷ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2014 में जब यहां से चंडीगढ़ जाते थे तो कम से कम 8 से 10 घंटे का समय लगता था, आज यहां से बहुत कम समय में चंडीगढ़ पहुंच जाते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार ने योजनाबद्ध तरीके से गरीबों को लाभ पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस के नेता लोगों को बहकाने के लिए एक झटके में गरीबी हटाने की बात कहते हैं। देश से गरीबी हटाने का नारा 1970 में इंदिरा गांधी ने दिया था उसके बाद यह लोग 50 साल में भी गरीबी नहीं हटा पाए। उन्होंने कांग्रेस से पूछा कि जब वह सत्ता में थे तब उन्हें गरीबी हटाने से किसने रोका था? नायब सैनी ने किसानों की समस्याओं और भाजपा की नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने किसानों को हमेशा ठगने का काम किया है। राजस्थान में कर्ज माफी का नारा दिया, लेकिन कर्ज माफ नहीं किया,जिससे बड़ी संख्या में किसानों ने आत्महत्या की और उनकी जमीन कुर्क हुई। दूसरी ओर नरेंद्र मोदी ने किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के रूप में साढ़े 3 लाख करोड रुपए





सीधे किसानों के खाते में डाल दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को पानी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है और टेल तक पानी पहुंचाने का काम भी भाजपा की सरकार ने किया।

**हमारी सरकार ने साढ़े 9 साल में 12 हजार करोड से अधिक राशि किसानों को मुआवजे के रूप में दी** – मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के राज में फसल के खराबे का केवल 1100 करोड रुपए मुआवजा दिया गया, जबकि भाजपा ने साढ़े 9 साल में साढ़े 12 हजार करोड रुपए किसानों को मुआवजा के रूप में दिए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में 272 करोड रुपए किसानों का बकाया था जिसे भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के बाद किसानों को देने का काम किया। नायब सैनी ने कहा कि भाजपा की सरकार ने महिलाओं को आगे बढ़ाने का काम किया है। महिलाओं के सम्मान में नीतियां बनाने का काम हुआ। 2014 में महिलाएं दूर-दराज से पानी के मटके भरकर सिर पर लाने को मजबूर थी,लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल शक्ति मंत्रालय बनाकर हर घर को नल से जल देने का काम किया, जिससे महिलाओं को अब दूर से पानी भरकर नहीं लाना पड़ता। महिलाओं के सम्मान के लिए हर घर में शौचालय बनाने का काम किया। स्वयं सहायता ग्रुप से महिलाओं को रोजगार मुहैया करवाने का काम किया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीबों के घर में रसोई गैस पहुंचाने का काम किया। युवा महिलाओं को ड्रोन की ट्रेनिंग देकर उन्हें रोजगार देने का काम किया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि एक तरफ भाजपा देश को मजबूत व भ्रष्टाचार से मुक्त करने का काम कर रही है, तो दूसरी तरफ घमंडियां गठबंधन के लोग भ्रष्टाचारी नेताओं को बचाने में लगे हैं। ऐसे में लोगों को 25 मई को ÷कमल के फूल÷ के सामने का बटन दबाकर भ्रष्टाचारी नेताओं को सबक सिखाने का काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज देश मजबूती से आगे बढ़ रहा है। नरेंद्र मोदी की सरकार ने संस्कृति संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। राम मंदिर, धारा 370, महाकालेश्वर कॉरिडोर, सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार, केदारनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार ऐसे ही काम है। उन्होंने कहा कि राजनीति में नेता-नीति और नीयत तीन चीजों का महत्व होता है। भाजपा के पास यह तीनों ही चीज हैं, जबकि विरोधियों के पास इनमें से कुछ भी नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी प्रधानमंत्री ने देश और देश के लोगों के हित में कोई नीति बनाने का काम किया तो कांग्रेस और उसके साथी दलों के नेताओं ने उन नीतियों का विरोध किया।

**जीएसटी से भरा देश का खजाना =धर्मबीर सिंह** – सांसद एवं भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार धर्मवीर सिंह ने कहा कि कांग्रेस का काम केवल विरोध करना है। कांग्रेस ने नोटबंदी और जीएसटी का भी विरोध किया, लेकिन जीएसटी के माध्यम से भारत के खजाने में 18 लाख करोड़ की बजाय 49 लाख करोड रुपए आने लगा है,जिससे देश में विकास को नए पंख लगे हैं। उन्होंने कहा कि भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं और केंद्र सरकार के सड़कों के जाल से हरियाणा का यह दूरदराज का इलाका हरियाणा के नजदीक आया है। उन्होंने राम मंदिर, धारा 370 आदि का भी जिक्र किया और कहा कि देश में सनातन धर्म की संस्कृति की रक्षा कोई कर सकता है तो वह केवल नरेंद्र मोदी कर सकते हैं।

नांगल चौधरी में अनाज मंडी में आयोजित विजय संकल्प रैली में विधायक ओम प्रकाश यादव,सीताराम यादव, लक्ष्मण यादव के साथ-साथ पूर्व मंत्री करतार भड़ाना, संतोष यादव, दयाराम यादव, राकेश कुमार, पार्टी की जिला प्रभारी गार्गी कक्कड़, कमलेश सैनी, सत्यव्रत शास्त्री, राकेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और नेता मौजूद थे।

**भाजपा ने बदल दी 250 गांव की अर्थव्यवस्था = अभय यादव** – हरियाणा सिंचाई मंत्री डॉ अभय सिंह यादव ने मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार नांगल चौधरी पहुंचे नायब सैनी का स्वागत किया। अभय सिंह ने कहा कि महेंद्रगढ़ जिले का जितना विकास इन 10 सालों में हुआ है उतना विकास पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि सड़कों का जाल बिछा है। टेल पर पानी पहुंचा है। मेडिकल कॉलेज बन रहा है। 1200 एकड़ में लॉजिस्टिक हब स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह भाजपा की ही नीतियों का परिणाम है कि महेंद्रगढ़ जिले के 250 गांव की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से बदल गई है। जमीन पानी के मामले में रिचार्ज हुई है जिससे फसलों की पैदावार हुई है और किसानों को उनकी फसलों का पूरा दाम मिला है। सिंचाई मंत्री ने कहा कि सभी लोगों को 2014 से 2024 तक के सफर का पता है और उसका विश्लेषण करें तो 2014 से पहले का भी सीन एक बार अपने मन मस्तिष्क में जरूर लेकर आएं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश को ऐसा नेतृत्व दिया है,जिसने देश को विश्व के नक्शे पर चमकाने का काम किया है।